उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1816 | दिनांक /Date: 9 मार्च 2021

संवाद–98

विषयः–वन आरक्षी भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी किये जाने के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप सभी को अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 03 शिफ्ट में कराई गयी वन आरक्षी भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। वन आरक्षी के 1218 पदों पर चयन के लिए 02 शिफ्ट की परीक्षा दिनांक 16 फरवरी, 2020 को आयोजित करायी गयी थी। इस परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाइस आदि के उपयोग की जानकारी व उसके बाद उसकी जांच होने पर तीसरी शिफ्ट की परीक्षा दिनांक 14 फरवरी, 2021 को आयोजित कराई गयी।

इन तीनों शिफ्ट का परीक्षा परिणाम नार्मलाइजेशन की पूर्व घोषित प्रक्रिया से कराया गया है एवं परीक्षा परिणाम नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर जारी किया गया है। यथाशीघ्र अभ्यर्थियों की ओ0एम0आर0 शीट की इमेज भी प्रकाशित की जायगी जिनमें अभ्यर्थी अपने वास्तविक अंक तथा नार्मलाइज्ड अंक दोनों देख पायेंगे। विदित है कि नार्मलाइजेशन से संबंधित फॉर्मूला व प्रक्रिया का प्रकाशन पूर्व में ही आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ आयोग वेबसाइट पर कर दिया गया था।

वर्तमान में एक रिक्ति के सापेक्ष 02 अभ्यर्थियों का परिणाम जारी किया गया है। ये सभी अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण में भाग लेंगे एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण के उपरांत अंतिम मेरिट तैयार की जायगी। 1218 पदों के सापेक्ष कुल 2326 अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा परिणाम जारी किया गया है क्योंकि भूतपूर्व सैनिक व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रेणी में पर्याप्त अभ्यर्थी उत्तीर्ण नहीं हो सके हैं। इसके अतिरिक्त ब्लूटूथ डिवाइस के उपयोग में आरोपित अभ्यर्थियों का भी परिणाम स्थगित किया गया है। उन अभ्यर्थियों के मामले में आयोग द्वारा अपने स्तर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी प्रारम्भ कर दी गयी है।

परीक्षा का परिणाम कुल 71 पृष्ठों में है जो एक पी0डी0एफ0 फाइल में प्रकाशित किया जा रहा है अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक सर्च करने से अपना परिणाम देख सकते है।

आयोग के मा0 अध्यक्ष ने इस परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुये अभ्यर्थियों के लिए यह संदेश दिया है कि इस परीक्षा में तमाम कठिनाइयों के बावजूद व समुचित जांच व परीक्षण कराकर एक तीसरी शिफ्ट कराने का निर्णय लिया गया व कम समय में ही शुचितापूर्ण परीक्षा तथा स्वच्छ चयन की कार्यवाही की गयी है। आयोग के प्रति अभ्यर्थियों द्वारा विश्वास बनाये रखने के लिए उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

परीक्षा में उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों को बधाई व शुभकामना के साथ।

आयोग की ओर से,

9/3/21

(संतोष बडोनी)

सचिव।